सार-समाचार

स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्विद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) इकाई द्वारा 23 फरवरी से 2 मार्च तक विशेष शिविर आयोजित किया गया। महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल ने बताया कि कुलपति डॉ अरुण कुमार के मागदर्शन में आयोजित इस शिविर में एन एस एस यूनिट द्वार कानासर गांव में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। एन एन एस प्रभारी डॉ परिमिता के निर्देशन में गांव की , आवश्यकताओं के संदर्भ में सर्वेक्षण, मूल्यांकन, पौधा वितरण सहित अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिविर में निदेशक छात्र कल्याण डॉ एन एस दहिया का विशेष सहयोग व मागदर्शन रहा। डॉ डुकवाल ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों को समाज सेवा और अन्य जागरूकता अभियानों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करते हुए सभी कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल किया गया । विद्यार्थियों को तुलसी के पौधे भी वितरित किए गए। गांव का सर्वेक्षण यहां की आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया गया। स्वच्छता और जल संरक्षण पर जागरूकता रैली निकाली गई। योग एवं प्राणायाम सत्र का आयोजन भी किया गया। आयरन-युक्त व्यंजनों को बनाने के तरीकों का प्रदर्शन किया गया और विद्यालय परिसर की सफाई हेतु श्रमदान किया गया। स्वास्थ्य में मिलेट्स के महत्व विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। ग्रामीणों और विद्यार्थियों को नशामुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। साइबर धोखाधड़ी के संबंध में जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक, व्याख्यान के माध्यम से ग्रामीणों को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

युवक पर जानलेवा हमला

नोखा, (कासं)। एक युवक पर कुल्हाड़ी और लाठी से जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। हिम्मटसर निवासी जयनारायण बिश्नोई ने नोखा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जयनारायण ने बताया-वह मोटरसाइकिल से दुकान जा रहे थे। पोस्ट ऑफिस के सामने उनके ही गांव के सुंदरलाल पुत्र गोपालराम और रामेश्वरलाल पुत्र मनीराम ने उनकी बाइक रोक ली। दोनों ने कहा कि आज दुश्मन मिल गया है और इसे जान से मारना है। सुंदरलाल ने कुल्हाड़ी से जयनारायण के पैर पर वार किया। जयनारायण गिर गए तो रामेश्वरलाल ने लाठी से दूसरे पैर पर लगातार प्रहार किए। दोनों ने उनके हाथों पर भी चोटें पहुंचाईं। जयनारायण की चीख-पुकार सुनकर जगदीश पुत्र भजनाराम और उनके पिता सीताराम मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी अपने घर की तरफ भाग गए। घायल जयनारायण को उनके ताऊ नोखा बागड़ी अस्पताल ले गए, जहां उनका इलाज किया गया।

अध्यक्ष व सचिव निर्विरोध निर्वाचित

बीकानेर, (कासं)। भारत विकास परिषद नगर इकाई के वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में मीरा शाखा की रितु मित्तल की देखरेख में अध्यक्ष, सचिव एवं वित्त सचिव निर्विरोध निर्वाचित करवाए गए। इस अवसर पर चुनाव प्रभारी ने अध्यक्ष पद के लिए श्राजीव शर्मा, सचिव पद के लिए देवेंद्र सिंह भाटी एवं वित्त सचिव पद के लिए मनोज वर्मा को निर्विरोध मनोनीत किया। इस अवसर पर इकाई के सचिव प्रदीप सिंह चौहान ने गत वषो में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं वित्त सचिव राजीव शर्मा ने आय व्यय का ब्यौरा सबके समक्ष प्रस्तुत किया। इसके पश्चात सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने अपने पद एवं गोपनीयता के लिए सभी को आश्वस्त किया कि वह अपने कार्यकाल में नगर इकाई को और आगे ले जाकर अधिक से अधिक समाज सेवा के कार्य प्रतिपादित करेंगे।

रेलमंत्री व कानून मंत्री 8 को आएंगे

बीकानेर, (कासं)। भारतीय रेलवे मजदूर संघ का 21 वां अखिल भारतीय त्रिवार्षिक अधिवेशन 8 और 9 मार्च को बीकानेर में होगा। यह अधिवेशन 8 मार्च से गंगाशहर के आशीर्वाद भवन में शुरू होगा। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल शामिल होंगे। उनके स्वागत के लिए बनाई गई टीम में दीपक अग्रवाल, रामचन्द्र अग्रवाल, भंवरसिंह राठौड़, महावीर रांका तथा जुगल राठी को शामिल किया गया है।

'प्रत्येक जीएसएस का हो निरीक्षण, बकाया वसूली की बने योजना'

- विद्युत वितरण निगमों की अध्यक्ष आरती डोगरा ने ली बैठक
- 'सर्वाधिक लोसेस वाले सब डिविजन पर हो विशेष फोकस'

बीकानेर, (कासं)। प्रदेश के विद्युत वितरण निगमों की अध्यक्ष आरती डोगरा ने सोमवार को जोधपुर डिस्कॉम के बीकानेर संभाग के अधीन समस्त विद्युत सर्किल्स के अधिशाषी अभियंता स्तर के अधिकारियों की बैठक बीकानेर जोनल अभियंता कार्यालय में ली।

इस दौरान डोगरा ने निर्देश दिए कि संभाग के अधिशाषी अभियंता अपने अधीन समस्त जीएसएस का निरीक्षण करें। आगामी ग्रीष्मकाल के मद्देनजर पूर्ण मुस्तैदी से कार्य किया जाए, जिससे आम उपभोक्ताओ को बिजली आपूर्ति में परेशानी नहीं हो। उन्होंने बकाया की वसूली के लिए प्रभावी कायर्योजना बनाने के साथ सर्वाधिक लोसेस वाले सब डिविजन क्षेत्रों के लिए विशेष अभियान चलाते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

वितरण निगमों की अध्यक्ष ने कहा कि जीएसएस पर सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहें। उन्होंने सभी सर्किल्स के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देश दिए कि प्रत्येक जीएसएस का निरीक्षण करवाया जाए। अगले माह अजमेर और जयपुर डिस्कॉम के अभियंताओं द्वारा जोधपुर डिस्कॉम के जीएसएस की व्यवस्थाओं का क्रॉस वेरिफिकेशन करवाया जाएगा।

इस दौरान यदि किसी प्रकार की अव्यवस्थाएं मिली तो, संबधित अधिशाषी अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाएगी। डोगरा ने विद्युत छीजत की स्थिति की समीक्षा की और इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि विद्युत मीटर रीडिंग की क्रॉस वेरिफिकेशन किया जाए। यदि कहीं अवैध ट्रांसफार्मर पाया जाता है, तो ऐसे मामलों में ट्रांसफार्मर हटाने के साथ ऐसा करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर करवाई जाए।

डिस्कॉम्स अध्यक्ष ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर फीडर सुधार से जुड़े कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। निचले स्तर तक की मशीनरी को एक्टिव करने के साथ नियमित रूप से फील्ड विजिट के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जोनल अभियंता द्वारा अधीक्षण, अधिशाषी और सहायक अभियंता से लेकर फीडर इंचार्ज के साथ नियमित फीडबैक लिया जाए।

डोगरा ने कहा कि अधिशाषी अभियंता पीएम कुसुम प्लांट्स का भी नियमित निरीक्षण करें तथा फीडर पर होने वाली ट्रिपिंग की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें। उन्होंने संभाग के सभी जिलों में स्वीकृत 33जीएसएस निर्माण की प्रगति की समीक्षा की और कहा कि इनकी नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने आरडीएसएस योजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि नए विद्युत कनेक्शन के आवेदन बेवजह लंबित नहीं रहें। खराब मीटर बदलने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति से जुड़े किसी कार्य में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

बैठक में निदेशक (तकनीकी) वी.के. छंगाणी, निदेशक (वित्त) ओ. पी. सीरवी, जोनल अभियंता के. के. कस्वां सहित संभाग के चारों जिलों के अधिकारी मौजूद रहे। डिस्कॉम्स चेयरमेन ने इससे पहले बिग्गा और जोधासर में जीएसएस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

'शिकस्ता' से होगा नाटकों के महाकुंभ का आगाज

- बीकानेर थिएटर फेस्टिवल 7 मार्च से
- पांच दिन में होगा 25 नाटकों का मंचन

बीकानेर, (कासं)। थिएटर फेस्टिवल की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। फेस्टिवल के दौरान बीकानेर के मंचों पर एक से एक बेहतरीन और बहुरंगी नाटक देखने को मिलेंगे। राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित, भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक 'शिकस्ता' के साथ आठ मार्च को फेस्टिवल का विधिवत रूप से शुभारंभ होगा। वहीं दिनेश ठाकुर लिखित नाटक 'हम दोनों' के मंचन के साथ 12 मार्च को फेस्टिवल का समापन होगा। इससे पूर्व सात मार्च को राजस्थान संगीत नाटक अकादमी जोधपुर के सहयोग से लोक संगीत संध्या टीएम ऑडिटोरियम में आयोजित की जाएगी।

आयोजन से जुड़े हंसराज डागा ने बताया कि थिएटर फेस्टिवल में कई रंगकर्मी, निर्देशकों और लेखकों के नाटक शामिल होंगे। आयोजन से जुड़े परमजीत बोहरा ने बताया फेस्टिवल में लेखक, अभिनेता दिवंगत दिनेश ठाकुर के नाटक का मंचन अभिनेत्री प्रीता माथुर के निर्देशन में देखने को मिलेगा। आयोजन से जुड़े टोडरमल लालाणी ने बताया कि इनके अलावा भी कई ख्यातमना निर्देशकों और लेखकों के नाटक इसमें शामिल किए गए हैं।

रंगकर्मी कमल अनुरागी ने बताया कि फेस्टिवल में लाइटिंग, एक्टिंग और लोक कथा गायन शैली की मास्टर क्लास भी लगाई जाएगी। यह राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय स्नातक अजय कुमार, अरुण व्यास, स्वाति व्यास के निर्देशन में चलेगी। मास्टर क्लास के कॉडिनेटर दिल्ली के प्रतिभावान युवा रंगकर्मी अमित तिवाड़ी होंगे, जिनके निर्देशन में बीकानेर के विभिन्न स्थनों पर दिल्ली के कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटकों की दमदार प्रस्तुति दी जाएगी। रंगकर्मी सुनील जोशी ने बताया कि जरिए देश भर के कलाप्रेमी बीकानेर की संस्कृति से रूबरू होंगे।

फेस्टिवल में भाग लेने के लिए बीकानेर, भीलवाड़ा, जयपुर, जोधपुर, श्रीगंगानगर तथा मुम्बई, दिल्ली, कोलकाता, जबलपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, असम, शिमला से पधारे कलाकारों द्वारा नाट्य प्रस्तुतियां दी जाएगी। आयोजन समिति के जतिन दुग्गड़ ने बताया कि थिएटर फेस्टिवल को लेकर जिला प्रशासन, अनुराग कला केन्द्र, विरासत संवर्द्धन संस्थान, श्री तोलाराम हंसराज डागा चेरिटेबल ट्रस्ट, होटल मिलेनियम और सेठ तोलाराम बाफना अकादमी इसमें अहम भागीदारी निभा रहे हैं। समारोह का मुख्य कार्यक्रम स्थल हंशा गेस्ट हाउस होगा। जहां पर आठ मार्च को सुबह विधिवत रूप से उद्घाटन होगा।

कूलर रिपेयरिंग के लिए दिया पत्र

बीकानेर, (कासं)। जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया, बीकानेर फाइबर कूलर एसोसिएसन अध्यक्ष कृष्णकुमार मेहता, वीरेंद्र किराडू, अजय महात्मा, रितेश गुप्ता व पंकज कोचर ने संभागीय आयुक्त डॉ. रवि कुमार सुरपुर से मुलाक़ात कर हरवर्ष की भांति पीबीएम अस्पताल एवं बीकानेर की समस्त सरकारी डिस्पेंसरी में खराब पड़े कूलरों की मरम्मत एसोसिएसन के खर्च पर करवाने के लिए सहमति प्रदान करने का निवेदन किया। बीकानेर जिला उद्योग संघ अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि बीकानेर फाइबर कूलर एसोसिएसन नर सेवा नारायण सेवा के साथ हरवर्ष पीबीएम अस्पताल सहित जिले की सभी सरकारी डिस्पेंसरी में मरीजों तथा उनके परिजनों को गर्मी से बचाने के उद्देश्य से पिछले कई वर्षों से अपने खर्च पर कूलरों की मरम्मत करवाता आ रहा है। बीकानेर फाइबर कूलर एसोसिएसन अध्यक्ष कृष्णकुमार मेहता ने कूलर मरम्मत की सहमति प्रदान का निवेदन करते हुए बताया कि कूलर मरम्मत की सहमति के साथ साथ इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की जाए।

सार-समाचार

चित्रा पारख 9 मार्च को लेंगी भगवती दीक्षा

बीकानेर, (कासं)। चित्रा पारख 9 मार्च को बाड़मेर में भागवती दीक्षा ग्रहण करेंगी। बाड़मेर में होने वाले प्रवज्या महोत्सव में बीकानेर के कई श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे। मुमुक्षु चित्रा पारख का विभिन्न जैन समाज की संस्थाओं की ओर से अभिनंदन का दौर बीकानेर में चल रहा है। मुमुक्षु चित्रा के पिता भजन गायक सुनील पारख ने बताया कि बाड़मेर में उनकी बेटी के साथ सांचोर बाड़मेर की मुमुक्षु सेंजल बोथरा दीक्षा ग्रहण करेंगी। चित्रा के दीक्षा के प्रसंग पर बीकानेर में 4 और 5 मार्च को कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट, चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास, जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ ट्रस्ट, अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद, जिनेश्वर युवक परिषद, विचक्षण महिला मंडल, कोचर मंडल और महावीर मंडल सहित विभिन्न जैन संगठनों की भागीदारी रहेगी।चिंतामणि जैन मंदिर प्रन्यास के अध्यक्ष हरीश नाहटा और अखिल भारतीय खरतरगच्छ युवा परिषद की बीकानेर शाखा के अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि साध्वी विजय प्रभा, साध्वी प्रभंजनाश्री आदिठाणा के सान्निध्य में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरूआत 4 मार्च को सुबह नौ बजे नाहाटा चौक के भगवान आदिनाथ मंदिर में शक स्तवन महाभिषेक से होगी।

'नशा छोड़ने के लिये करें प्रयास'

श्रीगंगानगर, (कासं)। नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान की जिला स्तरीय बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कहा कि श्रीगंगानगर को नशा मुक्त करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान को सफल बनाने के लिये शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी जागरूक किया जाये। नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाते हुए नशा करने वालों को नशा छोड़ने के लिये प्रेरित करें। विभागीय अधिकारी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नशा मुक्ति के लिये अधिकाधिक जागरूकता करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभियान से आमजन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाये ताकि नशा मुक्ति की मुहिम को संबल मिल सके। नशा मुक्त श्रीगंगानगर अभियान के तहत विभागवार हुई गतिविधियों और कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा नियमित रूप में मेडिकल स्टोर्स की जांच की जाये। अनियमितता मिलने पर संबंधित के खिलाफ आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही करते हुए नशे में प्रयुक्त होने वाली दवाओं का रिकॉर्ड संधारित किया जाये। स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ पुलिस विभाग भी नशा छोड़ने के लिये गंभीरतापूर्वक प्रयास करें।

41 लाख के चालान व 19 वाहन सीज

अनूपगढ़, (कासं)। जिले के घड़साना में परिवहन और खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। दोनों विभागों ने मिलकर नेशनल हाईवे 911 पर ओवरलोडेड और अनफिट वाहनों पर शनिवार और रविवार को कार्रवाई की। इस दौरान 41 लाख 39 हजार रुपए के चालान काटे गए और 19 वाहनों को सीज किया गया। परिवहन निरीक्षक सतवीर कुमार के अनुसार, विभाग ने 50 वाहनों के 15 लाख रुपए के चालान काटे। साथ ही एक ट्रेलर और दो पिकअप को सीज किया। खनिज विभाग के माइंस फोरमैन फर्स्ट हरिराम चौधरी ने बताया कि उदयपुर से आई टीम ने सिलिका से ओवरलोडेड 16 ट्रकों को सीज किया। इन ट्रकों पर 26 लाख 39 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। यह कार्रवाई उदयपुर खनिज विभाग के निदेशक दीपक तंवर के निर्देश पर की गई।

सत्यापन शिविर 4 माच्र से

श्रीगंगानगर, (कासं)। विधिक माप विज्ञान अधिनियम 2009 एवं इनके अन्तर्गत बने नियमों के तहत यदि किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था बाट, माप, तोलने के यंत्रों या मापक यंत्रों का उपयोग करता है, तो उन्हें सत्यापन एवं मुद्रांकन पश्चात ही उपयोग में लिया जा सकता है। ऐसे बाट, माप इत्यादि का निश्चित समय अन्तराल पुन: सत्यापन व मुद्रांकन करवाया जाना अनिवार्य है। इसके अभाव में असत्यापित बाट, माप का उपयोग करना दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिले के सादुलशहर में एक युवक अपने निजी भूखंड के विवाद को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ गया। प्रथम दृष्टया भाईयो से चल रहे विवाद के चलते टंकी पर चढ़ने की बात सामने आई है। टंकी पर चढ़ने की सूचना के बाद स्थानीय सादुलशहर पुलिस टीम सहित मौके पर पहुंची। पुलिस के समझाने के बाद काफी मशक्कत के बाद युवक नीचे उतर आया।

एएसआई रामप्रताप ने बताया कि वार्ड नंबर 9 निवासी जगदीश सहारन पुत्र लादूराम सहारन कस्बे में स्थित वॉटर वर्क्स के ओवरहेड टैंक पर चढ़ गया। यह व्यक्ति पहले भी दो बार टंकी पर चढ़ चुका है।

पुलिस ने बताया कि पांच दिन पहले इसने ने अपने भाई के साथ मारपीट की थी। जिससे विवाद और भी बढ़ गया था। जिसके बाद पुलिस ने जगदीश को पाबंद भी किया था।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

बीकानेर, (कासं)। वेटरनरी कॉलेज, बीकानेर के एपेक्स सेंटर द्वारा 'पशुओं व मुर्गियों में रोग निदान की नवीनतम तकनीकों' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित ने कहा कि पशुचिकित्सकों को विभिन्न संक्रामक बीमारियों के रोग निदान का पूर्ण ज्ञान होना बहुत आवश्यक है।

पशुओं में संक्रामक रोग बहुत तेजी से फैलते है। समय पर रोग निदान या डायग्रोसिस हो जाये तो उपयुक्त ईलाज द्वारा संक्रमण को नियंत्रण कर सकते है। उद्घाटन सत्र में कुलपति ने क्षेत्रीय निदान विधियों के महत्व और पशुचिकित्सा में फीडबैक सिस्टम के उपयोगिता पर भी विचार रखे। उन्होंने प्राचीन पशुचिकित्सा साहित्य जैसे 'शालिहोत्र संहिता' और स्थानीय ज्ञान की उपयोगिता पर भी चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रो. हेमन्त दाधीच ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से पशुचिकित्सकों को पोस्टमार्टम के आधार पर पशुओं में रोग-निदान के विभिन्न तरीकों को समझने का मौका मिलेगा जो कि रोग नियंत्रण में सहायक सिद्ध होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त निदेशक डॉ. गीता बेनीवाल ने कहा कि पशुचिकित्सकों को प्रशिक्षण के माध्यम से रोग ग्रस्त पशुओं के रक्त, पेशाब, गोबर आदि नमूने प्रयोगशालाओं में परीक्षण हेतु भेजने के तरीकों को समझने का मौका मिलेगा, ताकि रोगग्रस्त पशुओं को उचित ईलाज मिल सके। प्रशिक्षण समन्वयक एवं प्रभारी अधिकारी एपेक्स सेन्टर डॉ. राजेश सिंगाठिया ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इस तीन दिवसिय प्रशिक्षण में बीकानेर, चूरू, श्रीगगांनगर एवं हनुमानगढ़ जिले में कार्यरत 25 पशुचिकित्सक प्रशिक्षण ले रहे है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान निदेशक अनुसंधान प्रो. बी.एन. श्रृंगी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस कार्यक्रम में निदेशक क्लिनिक प्रो. प्रवीण बिश्नोई, अधिष्ठाता सी.डी.एस.टी. प्रो. राहुल सिंह पाल, डॉ. सीताराम, डॉ. रामकुमार एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. बसन्त ने किया।

फागणिया फुटबॉल 9 मार्च को

बीकानेर, (कासं)। फागणिया फुटबॉल आयोजन समिति की रविवार को कन्हैया लाल रंगा की अध्यक्षता में मीटिंग हुई,जिसमें 9 मार्च को सायं 5 बजे धरणीधर मैदान में बीकानेरी होली की मस्ती से भरपूर'फागणिया फुटबॉल'मैच का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। आयोजन सचिव सीताराम कच्छावा ने बताया कि यह मैच विचित्र वेश-भूषा पहने महिला एवं पुरुषों के स्वांग बनी दो टीमों के बीच खेला जाएगा ।इस मैच में बीकानेर की परंपरागत होली के साथ-साथ शुद्धता का भी ध्यान रखा जाएगा तथा महिलाओं सहित पूरे परिवार के साथ आने वाले लोगों के लिए बैठने की अलग व्यवस्था होगी।

योग व फिजियो थैरेपी कार्याशाला आयोजित

बीकानेर, (कासं)। महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के योग विभाग द्वारा आयोजित 'योग एवं फिजियोथेरेपी वर्कशॉप' के दूसरे दिन विशेष रूप से फिजियोथेरेपी और इसके आधुनिक चिकित्सीय लाभों पर केंद्रित सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित थे, अपने संबोधन में योग और फिजियोथेरेपी के संयुक्त प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, 'आज के दौर में योग और फिजियोथेरेपी न केवल शरीर को स्वस्थ रखने में सहायक हैं, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।' उन्होंने इस तरह की कार्यशालाओं को विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभकारी बताया और इसके निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

इस सत्र के प्रमुख वक्ता. विनय गर्ग (सीनियर कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट) और डॉ. विनय सक्सेना (कंसल्टेंट फिजियोथेरेपिस्ट) रहे डॉ. विनय गर्ग ने अपने सत्र में न्यूरोलॉजिकल फिजियोथेरेपी पर जोर दिया और बताया कि स्ट्रोक, पार्किंसन और सेरेब्रल पाल्सी जैसी बीमारियों के पुनर्वास में फिजियोथेरेपी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

श्रीमद्भागवत कथा में विश्व शांति के लिए की प्रार्थना

बीकानेर, (कासं)। श्रीमद्भागवत कथा एवं रासलीला का भव्य आयोजन सोमवार को देवीकुंड सागर स्थित कल्ला कोठी में शुरू हुई। इस अवसर पर आयोजन समिति के पप्पू काका ने बताया करपात्री स्वामी निरंजन देव तीर्थ कीर्ति प्रन्यास,राम लक्ष्मण भजनाश्रम के अधिष्ठाता दंडी स्वामी श्रीधरानंद सरस्वती ने कथा वाचन करते हुए कथा के पहले दिन भागवत महात्म्य का वर्णन किया। कथा की शुरुआत दीप प्रज्वलन, भागवत आरती, और विश्व शांति के लिए प्रार्थना की गई। कथा के पहले दिन गणेश महिमा और कथा श्रवण से होने वाले लाभ के बारे में भक्तजनों को बताया। भागवत कथा के अतिरिक्त वृंदावन से आई रासलीला मंडली द्वारा प्रतिदिन अलौकिक रंगारंग रासलीला ायोजन भी किया जा रहा है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/3656 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28.2.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गुरमिन्द्र कौर पत्नी श्री सहेल सिंह निवासी वार्ड नं. 27, अंजना पब्लिक स्कूल के पास, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है।उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भुखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 4 ए छोटी मुरब्बा नं. 09 किला नं. 24 में माप 30 इंटू 50 फीट भू.सं. बी-02, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 8255 दिनांक 25.5.2018 को श्रीमती अनिता देवी पत्नी श्री सुन्दर सिंह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्रीमती गुरमिन्द्र कौर द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 29.1.2025 को क्रय कर उक्त भूखंड के अपने नाम से नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भुखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती गुरमिन्द्र कौर पत्नी श्री सहेल सिंह निवासी वार्ड नं. 27, अंजना पब्लिक स्कूल के पास, सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रेकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1414 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय नगर विकास न्यास श्रीगंगानगर (राजस्थान)
क्रमांक:- नियमन/2025/3655 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 28/02/2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री राहुल भोभिया निवासी 63 एफ ब्लॉक, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकॉर्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है : -

न्यास रिकॉर्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूमि का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 47 के किला नं. 3 में माप 24 इन्टू 52.6 फीट भूखण्ड संख्या एमसी-31 ए, मधुबन कॉलोनी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखण्ड का पट्टा संख्या 1155 दिनांक 20.12.2012 को श्री सुभाष चन्द्र पुत्र श्री हेतराम के नाम से जारी किया हुआ है।	**श्रीमती प्रियंका** द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 30.06.2022 के द्वारा क्रय कर उक्त नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है। इस सम्बन्ध **श्रीमती प्रियंका पत्नी श्री राहुल भोभिया निवासी 63 एफ ब्लॉक, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/ फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या : SGNR/FY24-25/MUT/1467 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

आपके सूझबूझ से उठाएं गए कदम
आपके सुखद भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं
ऑनलाइन भी उपलब्ध
एलआईसी का
निवेश प्लस
UIN: 512L317V02 | Plan No: 749
एलआईसी के निवेश प्लस, एक यूनिट लिंक्ड इंश्योरेन्स प्लान में एक बार भुगतान के साथ निवेश कीजिए
अपनी पसंद के साथ 4 फ़ंड्स में से निवेशित पूंजी में वृद्धि के हितलाभ के साथ जीवन बीमा संरक्षण
ग्रोथ फ़ंड | बैलेन्स्ड फ़ंड | सिक्योर्ड फ़ंड | बॉण्ड फ़ंड
बीमा राशि का प्रकार तथा निवेश फ़ंड चुनने की अनुकूलता
गारण्टीड एडीशन्स उपलब्ध
पॉलिसी को 5 वर्ष के पश्चात बिना किसी स्थगन शुल्क के अभ्यर्पित किया जा सकता है
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत बचत योजना
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever
IRDAI Regn No.: 512
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2024-25/41/Hin
नकली फोन कॉल्स और झूठे/धोखाधड़ी पूर्ण ऑफ़र्स से सावधान रहें. आईआरडीएआई जीवन बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस घोषित करने या प्रीमियमों के